दिनांक 31.10.2018

स्वच्छ भारत अभियान　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी द्वारा उद्यानों का आकस्मिक निरीक्षण किया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी ने आज प्रातः से ही निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में बने उद्यानों का आकस्मक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करते हुए जोन क्र. 01 नेहरु नगर के अंतर्गत वार्ड 70 हुडको में अमृत मिशन योजनान्तर्गत 65 लाख रुपये से निर्मित उद्यान का अवलोकन करते हुए उद्यान में लगे व्यायाम सामग्री का स्वयं निरीक्षण कर उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उद्यान में साफ–सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था के साथ–साथ जानवर उद्यान के अंदर प्रवेश न करें तथा उद्यान में ही खाद बनाये जाने हेतु पिट तैयार करने, उद्यान के खुलने एवं बंद करने करने का समय की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने आम नागरिकों से अपील की है कि पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने हेतु उद्यान में लगे हरे एवं फलदार पौधे एवं वृक्ष को नुकसान न पहुंचाये। साथ ही उद्यान में स्वस्थ्य वातावरण निर्मित हो इस हेतु किसी भी प्रकार की गंदगी न फैलावे खाद्य सामग्री में उपयोग में लाये जाने वाले सुखे एवं गीले कचरे को पृथक–पृथक डस्टबीन डालें, जिससे उद्यान का रखरखाव साफ एवं सुथरा बना रहे। उद्यान अधिकारी ने आयुक्त महोदय को उद्यान के रखरखाव एवं कुसुम कानन नर्सरी के साथ–साथ निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में बनाये जा रहे कम्पोस्ट पिट की जानकारी से अवगत कराया।

जनसम्पर्क अधिकारी